सामान्य सूची पत्र

**(Common Prospectus)**

-----------------------------------------

# इण्टरमीडिएट कक्षा में विद्यार्थियों के ऑनलाईन नामांकन की सरल व्यवस्था

# सत्र – 2026–2028

**Online Facilitation System for Students (OFSS)**

# अनुक्रम


| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **Online Facilitation System for Students (OFSS)** | **5** |
| | 1.1 **OFSS** क्या है ? | **5** |
| | 1.2 ऑनलाईन नामांकन के लिए आवेदन कौन कर सकता है ? | **5** |
| **2.** | विद्यार्थी **OFSS** के तहत कहाँ से आवेदन कर सकते हैं ? | **5** |
| **3.** | **OFSS** का उपयोग करके ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है ? | **6-11** |
| **4.** | **OFSS** पद्धति के तहत नामांकन के लिये चयन सूची किस प्रकार जारी की जायेगी ? | **11** |
| | **4.1** चयन की प्रक्रिया क्या होगी ? | **11** |
| | **4.2** नामांकन के लिये चुने जाने पर आवेदक को सूचना देने की प्रक्रिया। | **11–12** |
| **5.** | चयन सूची में आवेदक का नाम आने के बाद नामांकन कैसे कराये ? | **11** |
| **6.** | उच्च प्राथमिकता वाले इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान में नामांकन कैसे कराये **?** (स्लाइड अप विकल्प) | **12** |
| **7.** | **OFSS** के माध्यम से सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) को ऑनलाईन भरने की प्रक्रिया के 9 चरण | **14–20** |
| **8.** | आरक्षण एवं कोटा | **21** |
| **9.** | महत्वपूर्ण टिप्पणी | **21** |
| **10.** | अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (**Frequently Ask Questions**) | **21–25** |

## Online Facilitaiton System for Students (OFSS )

बिहार राज्य के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी/गैर सरकारी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में OFSS के माध्यम से सत्र 2026–28 के लिए 11वीं कक्षा में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति एवं अन्य केन्द्रीय/राज्य बोर्ड द्वारा आयोजित 10वीं एवं समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के ऑनलाईन नामांकन की सुविधा दी जा रही है। विद्यार्थियों द्वारा 08.04.2026 से 18.04.2026 तक ऑनलाईन आवेदन किया जाना है। समाचार पत्रों में विज्ञप्ति के माध्यम से आवेदन दिये जाने की प्रक्रिया से विद्यार्थियों को अवगत कराया जा रहा है, ताकि ऑनलाईन आवेदन देने के क्रम में उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

पूर्व में माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को नामांकन के लिए इन्टरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अलग–अलग Prospectus एवं आवेदन प्रपत्र का क्रय कर अलग–अलग संस्थानों के लिए अलग–अलग आवेदन जमा करना पड़ता था, जिसके कारण विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं अर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। साथ ही नामांकन प्रक्रिया में एकरूपता नहीं होने के कारण गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को उनकी इच्छानुसार अच्छे शिक्षण संस्थानों में नामांकन होने में कठिनाई होती थी। इतना ही नहीं, किसी अन्य शहर में नामांकन के लिए उन्हें यात्रा भी करनी पड़ती थी और उस शहर में रहने के लिए अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता था। विद्यार्थियों को न तो इस बात की सूचना मिलती थी कि इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए कितनी सीटें हैं और न ही संस्थानों के Infrastructure की जानकारी उन्हें मिलती थी। साथ ही इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों को भी फार्म छापने, भरने से लेकर आवेदनों की प्रोसेसिंग करने इत्यादि में काफी समय एवं मैन पावर की आवश्यकता होती थी। उल्लेखनीय है कि OFSS व्यवस्था के लागू होने से विद्यार्थियों को नामांकन कराने के लिए किसी संस्थान में व्यक्तिगत रूप से नहीं जाना होगा और न ही उन्हें हर संस्थान के लिए अलग से फॉर्म एवं पैसा जमा करना होगा। इस व्यवस्था के पूर्व नामांकन की प्रक्रिया में भी काफी समय लगता था क्योंकि प्रत्येक संस्थान द्वारा मैनुअल रूप से आवेदन की प्रोसेसिंग की जाती थी।

नामांकन की इस ऑनलाईन व्यवस्था के तहत इन्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन कराने वाले किसी केन्द्रीय बोर्ड/राज्य बोर्ड से मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने निकट के इंटरनेट कैफे अथवा घर पर बैठे इंटरनेट से जुड़े कम्प्यूटर/लैपटॉप के माध्यम से आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। ऑनलाइन नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी रजिस्ट्रेशन करते समय, न्यूनतम 10 एवं अधिकतम 20 शिक्षण संस्थानों में चयन हेतु Option दे सकते हैं।

ऑनलाईन नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन से पूर्व इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन हेतु उपलब्ध सीट की संख्या तथा नामांकन से संबंधित अन्य विवरणी समिति की वेबसाईट पर जारी की जायेगी।

ऑनलाईन नामांकन हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 08.04.2026 से प्रारंभ की जायेगी। OFSS Software के माध्यम से ऑनलाईन नामांकन करने के लिए समिति की वेबसाईट पर **https://ofssbihar.net** पर लिंक उपलब्ध रहेगा। आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को कुल रू0 350/– (साढ़े तीन सौ) की राशि जमा करनी होगी, जिसमें रू0 150/– (डेढ़ सौ) आवेदन शुल्क एवं रू0 200/– (दो सौ) शिक्षण संस्थान शुल्क निहित है। विदित हो कि विद्यार्थी शुल्क का भुगतान विभिन्न माध्यम यथा– नगद राशि (ई–चालान के माध्यम से) अथवा निर्धारित बैंक के नेट बैंकिंग अथवा डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को ऑनलाईन आवेदन करते समय अपना मोबाईल नंबर तथा ई–मेल आईडी अनिवार्य रूप से देना होगा। विद्यार्थी अपना आधार नंबर भी दर्ज करेंगे।

ऑनलाईन आवेदन करने के बाद विद्यार्थियों द्वारा दिये गये मोबाईल नंबर पर One Time Password (OTP) भेजा जायेगा। साथ ही, विद्यार्थियों को आवेदन करने के बाद मोबाईल तथा ई–मेल के माध्यम से हर चरण (Step) की सूचना दी जायेगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। अपने Mobile App के माध्यम से भी विद्यार्थी नामांकन के सभी चरण (Step) से अवगत हो सकेंगे।

ऑनलाईन आवेदन के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा दिये गये विकल्प एवं उनके मेरिट के आधार पर समिति संस्थानवार एवं कोटिवार प्रथम Combined Merit List जारी करेगी, जिसके आधार पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। विद्यार्थी को किस संस्थान में कब और किस तिथि को नामांकन के लिए जाना है, इसकी भी जानकारी मोबाईल तथा ई–मेल के माध्यम से दी जायेगी। यदि इसके बाद भी संस्थानों में स्थान रिक्त रहता है तो समिति द्वारा दूसरी Combined Merit List जारी की जायेगी, जिसके आधार पर संस्थान शेष बचे सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके बाद भी यदि किसी संस्थान में सीट अर्थात स्थान खाली रह जाता है, तो समिति द्वारा तीसरा व अंतिम Combined Merit List जारी किया जायेगा; ताकि संस्थान शेष सीटों पर अपने यहाँ नामांकन की प्रक्रिया कर सकें। इसके बावजूद भी यदि किसी संस्थान में सीट खाली रह जाता है, तो ऐसे संस्थान स्वयं विद्यार्थियों का नामांकन वहाँ कर सकते हैं, परन्तु उसके लिए उन्हें संबंधित विद्यार्थियों का इस OFSS पोर्टल पर ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करना होगा।

उल्लेखनीय है कि ऑनलाईन आवेदन करते समय बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मात्र अपना यूनिक आई0डी0 (यदि उपलब्ध हो), रौल कोड एवं रौल नंबर, जन्म तिथि एवं जिस वर्ष उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की है भरना होगा, क्योंकि उनका डाटा पहले से ही समिति द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर के डाटाबेस में उपलब्ध रहेगा। अन्य बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन करते समय पूरी विवरणी भरनी होगी।

OFSS के अंतर्गत ऑनलाईन नामांकन की इस नई व्यवस्था की निगरानी के लिए पटना स्थित बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मुख्यालय में हेल्प–डेस्क बनाया गया है। हेल्प–डेस्क का सम्पर्क दूरभाष नम्बर 0612–2230009 है।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, अकादमिक भवन में Project Management Unit (PMU) की स्थापना की गयी है जिसमें Project Manager, Developer, Database Administrator, रहेंगे एवं वे पूरे कार्यक्रम की राज्य स्तर पर Monitoring करेंगे।

ऑनलाईन नामांकन के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा एक Mobile App भी तैयार किया गया है, जो कि Google Play Store पर OFSS Bihar Info नाम से उपलब्ध है। इस App को इस्तेमाल केवल Android Smart Phone पर ही किया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से आवेदक अपने दिये गये आवेदन से सम्बन्धित सूचनाओं एवं जानकारियों को प्राप्त कर सकते है। इस एप का इस्तेमाल आवेदन भरने के लिए नही किया जा सकता है। इसके द्वारा आवेदक सम्बन्धित संस्थानों में उपलब्ध सीट की संख्या, नामांकन हेतु आंवटित संस्थान तथा विवरणी के सम्बन्ध में सूचना/अपडेट भी प्राप्त कर सकेंगे।

इस नई व्यवस्था से राज्य के सभी इन्टर स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों का नामांकन सुविधाजनक ढंग से हो सकेगा। बिहार बिद्यालय परीक्षा समिति द्वारा Online Facilitation System for Students (OFSS) के अंतर्गत ऑनलाईन नामांकन की इस नई व्यवस्था से नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता होगी तथा गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को उनकी मेधानुसार अच्छे शिक्षण संस्थानों में नामांकन होने में किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा।

ह0/–
(आनंद किशोर)
अध्यक्ष
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

**1. Online Facilitaiton System for Students (OFSS )**

इन्टरमीडिएट कक्षा में विद्यार्थियों के ऑनलाईन नामांकन की सरल व्यवस्था :

**1.1 OFSS क्या है ?**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अन्तर्गत आने वाले इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में ऑनलाईन व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों का इन्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन किया जाता है। इस ऑनलाईन व्यवस्था को Online Facilitaiton System for Students (OFSS) कहा जाता है। ऑनलाईन नामांकन की इस सरल व्यवस्था का विकास बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा किया गया है। इस व्यवस्था से विद्यार्थी सम्बन्धित इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन करा सकेंगे।

सत्र 2026–2028 के लिये इन्टरमीडिएट कक्षा में नामांकन के लिए विद्यार्थी Online Facilitaiton System for Students (OFSS) का उपयोग करेंगे। कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय में इन्टरमीडिएट के विषयों में उसी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में नामांकन होगा जहाँ इसकी सुविधा उपलब्ध हो।

**1.2 ऑनलाईन नामांकन के लिए आवेदन कौन कर सकता है?**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE), इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन (ICSE) और किसी भी अन्य राज्य के बोर्ड के विद्यार्थी नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने इन संस्थानों से 10वीं अथवा समकक्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**1.3 ध्यान देने योग्य बातें।**

**एक मोबाइल नम्बर एवं एक ईमेल आई0डी0 का इस्तेमाल मात्र एक आवेदन भरने के लिए ही किया जाएगा।**

**1.4 सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नामांकन प्रपत्र भरने के पूर्व OFSS के माध्यम से राज्य के विभिन्न इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में पिछले वर्ष (2025) में लिये गये नामांकन (Admission) हेतु जारी की गयी सूची का Cut off Marks बेवसाईट (https://ofssbihar.net) पर पहले अवश्य देख लें। फिर यह तय करें कि वे अपना नामांकन किस इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में प्राथमिकता के अनुसार लेना चाहते हैं।**

**1.5 सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे नामांकन हेतु विभिन्न विद्यालयों का विकल्प सावधानीपूर्वक चुने, क्योंकि OFSS के माध्यम से फार्म भरते समय एक बार विकल्प चुनने के पश्चात् वही सारे विकल्प (Option) अंतिम विकल्प माने जायेंगे तथा नामांकन प्रक्रिया के दौरान उन्हें बदला नहीं जा सकेगा। प्रथम/द्वितीय मेरिट लिस्ट के अनुसार विद्यार्थी अपने नामांकन करा लेने के पश्चात् वेबसाईट (https://ofssbihar.net) पर जाकर Student Login Option में Login करने के पश्चात् स्लाईड अप (Slide Up) का विकल्प चुन सकते हैं। अगर उनके द्वारा चुने गये विकल्प में से उच्चतर विकल्प के संस्थान में उनका चयन द्वितीय/तृतीय सूची में होता है तो प्रथम/द्वितीय चयन सूची का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।**

**2. विद्यार्थी Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) के तहत कहाँ से आवेदन कर सकते हैं?**

निम्न स्थानों एवं माध्यम से ऑनलाईन नामांकन हेतु Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) के तहत आवेदन किया जा सकता है।

1. अपने घर के व्यक्तिगत कम्प्यूटर से जिसमें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो,
2. इंटरनेट साइबर कैफे के माध्यम से।
3. जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (District Registration cum Counselling Centre) के माध्यम से।

**3. Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) का उपयोग करके ऑनलाईन नामांकन के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया क्या है?**

ऑनलाईन नामांकन के लिए निम्नलिखित विभिन्न माध्यम के द्वारा विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, इसकी विस्तृत प्रक्रिया निम्नवत् है :–

**क. अपने घर से अथवा किसी अन्य स्थान के कम्प्यूटर के माध्यम से जिसमें इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हो, ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया–**

अपने घर से इंटरनेट युक्त कम्प्यूटर के माध्यम से OFSS व्यवस्था के तहत ऑनलाइन आवेदन भरने के विभिन्न चरण निम्नवत् हैं:

**आवेदन भरने के पहले निम्नलिखित जानकारी अपने पास रखें:–**

- यदि विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उतीर्ण की है तो अपना रोल कोड, रौल नं0 तथा जन्म तिथि तैयार रखें।
- यदि विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के समकक्ष किसी अन्य बोर्ड से उतीर्ण की है तो अपना कुल अंक एवं प्राप्तांक तैयार रखें।
- विद्यार्थी अपना पासपोर्ट साइज फोटो का स्कैन कॉपी कम्प्यूटर में तैयार रखें ताकि सामान्य आवेदन प्रपत्र भरते समय जब जरूरत हो तो अपलोड किया जा सके।
- मोबाईल नम्बर
- ई–मेल

i. आवेदक किसी भी ब्राउजर के माध्यम से **https://ofssbihar.net** पर जायें।

ii. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** पर क्लिक करें।

iii. दिये गये दिशा–निर्देश को ध्यानपूर्वक पढ़े।

iv. **Check Box** और उसके उपरांत **I Accept** पर क्लिक करने के बाद नियम एवं शर्तों को स्वीकार करें।

v. इसके बाद सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपके कम्प्यूटर पर खुल जायेगा।

vi. अगर आवेदक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उतीर्ण की है तो उन्हें समिति द्वारा निर्गत यूनिक आई0डी0, दसवीं परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि सुरक्षित रखना होगा। यदि यूनिक आई0डी0 से ऑनलाइन डेटा प्रदर्शित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करना होगा। इस प्रकार ऑनलाइन इंट्री करने पर आवेदक को उनके सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अंक एवं अन्य सभी विवरणी इत्यादि कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वतः दिखायी देगा।

vii. अगर विद्यार्थी किसी अन्य बोर्ड से दसवीं या समकक्ष परीक्षा उतीर्ण की है तो यह आवश्यक है कि सामान्य आवेदन प्रपत्र में जो जानकारी मांगी गयी है उसे वे भरें।

viii. सभी जानकारियों को एक बार भर लेने के बाद आवेदक को अपना फोटो सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अपलोड करना है। फोटो अपलोड करना आवश्यक है।

ix. आवेदक को नामांकन के लिये इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान का विकल्प चुनना है। आवेदक न्यूनतम 10 विकल्प और अधिकतम 20 विकल्प चुन सकता है। 1 विद्यालय अथवा महाविद्यालय में 1 विषय 1 विकल्प माना जायेगा।

x. नामांकन के विकल्प भरने के लिए विद्यार्थी निम्नलिखित प्रक्रिया अपनायें:–

  - **Drop Down** लिस्ट से जिला चुनें।
  - जिला चुनने के बाद इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान चुनें।

- इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थान चुनने के बाद संकाय चुनें। जैसे–कला, विज्ञान एंव वाणिज्य।
- **Submit** बटन पर क्लिक करें।
- **Submit** बटन पर क्लिक करने के बाद आपका विकल्प दर्ज हो जायेगा।
- इस प्रकार से आप सामान्य आवेदन प्रपत्र में न्यूनतम 10 विकल्प एवं अधिकतम 20 विकल्प चुन सकते हैं।

xi. विद्यार्थी उच्च प्राथमिकता वाले विकल्प पहले भरें। उदाहरण के तौर पर यदि इण्टरमीडिएट में नामांकन के लिए आपकी पहली प्राथमिकता विज्ञान संकाय में राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में है, और दूसरी प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना में है, तो आप राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरांत पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना का विकल्प भरें। इसी प्रकार, इण्टरमीडिएट में नामांकन के लिए अगर आपकी पहली प्राथमिकता एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना है, और दूसरी प्राथमिकता एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना है, तो आप एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरान्त दूसरी प्राथमिकता में एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना का विकल्प भरें।

xii. एक बार जब आपने सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** भर दिया है तो कृपया एक बार फिर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि अगर कोई गलती आप से हुई है तो उसका पता आपको चल जाये। आवेदन में दिया गया पूरा विवरण अगर आपको सही लगता हे तो **Submit** बटन को क्लिक करें।

xiii. इसके उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर भरे हुये आवेदन का **Preview** दिखायी देगा।

xiv. कृपया इसके उपरान्त भरे हुए आवेदन की आप दोबारा जांच कर लें। अगर आवेदन प्रपत्र में सभी जानकारियों आप सही पाते हैं तो **Confirm** बटन को क्लिक करें। अगर भरी हुई जानकारियों को आप सही नहीं पाते हैं तो आप **Modify** बटन को क्लिक करें।

xv. **Modify** बटन को किलक करने पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपको पुनः दिखाई देगा। इसे देखकर आप उसमें भरी हुई उन जानकारी को शुद्ध कर सकते है जिसे आप सुधारना चाहते हैं। इसके बाद आप **Confirm** बटन को क्लिक करें।

xvi. **Confirm** बटन को क्लिक करने के बाद आपके निबन्धित मोबाइल नम्बर पर यह व्यवस्था या पद्धति आपको एक **One Time Password (OTP)** भेजेगी।

xvii. **System** में **One Time Password (OTP)** को डालें और इसके उपरांत आपका मोबाइल नम्बर सुनिश्चित हो जायेगा।

xviii. एक बार मोबाइल नम्बर सुनिश्चित हो जाने के बाद आपको रू0 350/– का भुगतान करने का निर्देश मिलेगा। यह रू0 350/– का भुगतान आवेदन शुल्क होगा। यह भुगतान आप ऑनलाइन माध्यम **(Debit Card, Credit Card एवं Net Banking)** से कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो यह भुगतान ई–चालान के माध्यम से भी कर सकते हैं। ई–चालान के माध्यम से अगर आप भुगतान करना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक होगा कि चालान की मुद्रित प्रति लेकर आप इसे अपने नजदीकी निर्धारित HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जमा करें।

xix. सफलतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित हो जाने के बाद यह व्यवस्था आपके द्वारा भरे गये ऑनलाईन आवेदन से संबंधित एक प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** जारी करेगी। आपको सलाह दी जाती है कि यह मुद्रित प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** आप निकाल कर रख लें ताकि भविष्य में यह आपके काम आ सके।

xx. सफलतापूर्वक आवेदन प्रपत्र भरे जाने के पश्चात आपको आपके निबंधित मोबाइल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 और पासवर्ड मिलेगा।

xxi. **कृपया ध्यान दें: रू0 350/– के आवेदन शुल्क जमा नहीं होने पर आपका आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि आवेदन शुल्क निश्चित रूप से जमा किया जाय ताकि आपका आवेदन स्वीकृत समझा जा सके।**

## ख. इंटरनेट साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया

विद्यार्थी किसी भी साइबर कैफे में जाकर स्वयं ऑनलाइन आवेदन **OFSS** व्यवस्था के तहत भर सकते हैं। यदि आवेदक साइबर कैफे के ऑपरेटर द्वारा ऑनलाइन फार्म भरवाना चाह रहें हैं तो फार्म 7 या फार्म 8 वेबसाइट **(https://ofssbihar.net)** से डाउनलोड कर और उसे भरकर ऑपरेटर को दें, ताकि वे सारी जानकारी ऑनलाइन आवेदन फार्म में भर कर सारी प्रक्रिया पूरी कर सकें। यदि आवेदक स्वयं ऑनलाइन आवेदन भरना चाहते हैं तो उन्हें नीचे लिखे क्रम के अनुसार ऑनलाइन आवेदन देना है :

<u>साइबर कैफे के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए निम्नलिखित चरणों से आवेदक को गुजरना है:–</u>

- विद्यार्थी आवेदन भरने के लिए नीचे लिखे सूचनाओं को पहले से ही तैयार रखें। अगर विद्यार्थी ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उतीर्ण की है तो वे अपना रौल कोड, रौल नम्बर और जन्म तिथि तैयार रखें।
- अगर विद्यार्थी ने बिहार बोर्ड के अलावा दसवीं अथवा उसके समकक्ष परीक्षा किसी अन्य बोर्ड से उतीर्ण की है तो उन्हें अंक विवरणी को पहले से तैयार कर अपने पास रखना चाहिये। विद्यार्थी को यह भी सलाह दी जाती है कि वे स्कैन किया हुआ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटोग्राफ भी कम्प्यूटर में तैयार रखें, ताकि सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) में उसे अपलोड किया जा सके।
- मोबाइल नम्बर
- ई–मेल

i. आवेदक किसी भी वेब ब्राउजर पर **https://ofssbihar.net** को इंटरनेट के माध्यम से खोलेगें।
ii. सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** पर क्लिक करेंगे।
iii. इस पेज पर दिखाये गये सभी अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
iv. **Check Box** और उसके उपरांत **I Accept** क्लिक करने के बाद नियम एवं शर्तो को स्वीकार करें।
v. इसके बाद कम्प्यूटर स्क्रीन पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** खुल जायेगा।
vi. अगर आवेदक ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से दसवीं की परीक्षा उतीर्ण की है तो उन्हें समिति द्वारा निर्गत यूनिक आई0डी0, दसवीं परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि सुरक्षित रखना होगा। यदि यूनिक आई0डी0 से ऑनलाइन डेटा प्रदर्शित नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा उतीर्ण करने का वर्ष, रौल कोड, रौल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित करना होगा। इस प्रकार ऑनलाइन इंट्री करने पर आवेदक को उनके सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अंक एवं अन्य सभी विवरणी इत्यादि कम्प्यूटर स्क्रीन पर स्वतः दिखायी देगा।
vii. अगर आवेदक ने किसी अन्य बोर्ड से दसवीं या उसके समकक्ष परीक्षा उतीर्ण की है तो यह आवश्यक है कि सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में जो जानकारी मांगी गयी है उसे वे भरें।
viii. सभी जानकारियों को एक बार भर लेने के बाद आवेदक को अपना फोटो सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में अपलोड करना है। फोटो को अपलोड करना आवश्यक है।

ix. सभी जानकारियों को भर लेने के बाद आवेदक को नामांकन के लिए विकल्प चुनना है। आवेदक न्यूनतम 10 विकल्प और अधिकतम 20 विकल्प चुन सकता है। 1 शिक्षण संस्थान में 1 विषय 1 विकल्प माना जायेगा।

x. ऑनलाइन नामांकन के लिए विकल्प भरने के लिए नीचे दिये गये बिन्दु को ध्यान से पढ़ें–

- **Drop Down** लिस्ट से जिला चुनें।
- जिला को चुनने के बाद शिक्षण संस्थान चुनें।
- शिक्षण संस्थान को चुनने के बाद, संकाय चुने जैसे– कला, विज्ञान, वाणिज्य एवं कृषि।
- **Submit** बटन को क्लिक करें।
- **Submit** बटन पर क्लिक करते ही आपका विकल्प **Submit** हो जायेगा
- इस तरह से आप सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** में न्यूनतम 10 विकल्प एवं अधिकतम 20 विकल्प चुन सकते हैं।

xi. उच्च प्राथमिकता वाले विकल्प पहले भरें। मान लिया जाय कि इण्टरमीडिएट में नामांकन के लिए आपकी पहली प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में है, और दूसरी प्राथमिकता या विकल्प विज्ञान संकाय में पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना में है, तो आप राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरांत पटना कॉलेजिएट स्कूल, पटना का विकल्प भरें। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में नामांकन के लिए अगर आपकी पहली प्राथमिकता एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना है और दूसरी प्राथमिकता एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना है, तो आप एस०जी०डी० पाटलीपुत्रा उच्च विद्यालय, पटना में पहली प्राथमिकता का विकल्प भरें और उसके उपरान्त दूसरी प्राथमिकता में एस०आर०पी० +2 स्कूल गर्दनीबाग पटना का विकल्प भरें।

xii. एक बार जब आपने सामान्य आवेदन प्रपत्र (**Common Application Form)** भर दिया हो तो कृपया एक बार फिर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ लें ताकि अगर कोई गलती आप से हुई है तो उसका पता चल जाये। आवेदन में दिया गया पूरा विवरण अगर आपको सही लगता हे तो **Submit** बटन को क्लिक करें।

xiii. इसके उपरान्त कम्प्यूटर स्क्रीन पर भरे हुये आवेदन का **Preview** दिखायी देगा।

xiv. इसके उपरान्त भरे हुए आवेदन की आप दोबारा जांच कर लें। अगर आवेदन प्रपत्र में सभी विवरणी आप सही पाते हैं तो **Confirm** बटन को क्लिक करें। अगर भरी हुई विवरणियों को आप सही नहीं पाते हैं तो आप **Modify** बटन को क्लिक करें।

xv. **Modify** बटन को क्लिक करने पर सामान्य आवेदन प्रपत्र **(Common Application Form)** आपको पुनः दिखाई देगा। इसे देखकर आप उसमें भरी हुई उन जानकारियों को शुद्ध कर सकते हैं जिसे आप सुधारना चाहते हैं। इसके बाद आप **Confirm** बटन को क्लिक करें।

xvi. **Confirm** बटन को किलक करने के बाद आपके निबन्धित मोबाइल नम्बर पर यह व्यवस्था एक **One Time Password (OTP)** भेजेगी।

xvii. **System** में **One Time Password (OTP)** अंकित करें और इसके उपरांत आपका मोबाइल नम्बर सुनिश्चित हो जायेगा।

xviii. एक बार मोबाइल नम्बर सुनिश्चित हो जाने के बाद आपको रू0 350/– का भुगतान करने का निदेश मिलेगा। यह रू0 350/– का भुगतान आवेदन शुल्क होगा। यह भुगतान आप ऑनलाइन माध्यम **(Debit Card, Credit Card एवं Net Banking)** से कर सकते हैं। इसके अलावा अगर आप चाहें तो यह भुगतान ई–चालान के माध्यम से भी कर सकते हैं। ई–चालान के माध्यम से अगर आप भुगतान करना चाहते हैं तो इसके लिए आवश्यक होगा कि चालान की मुद्रित प्रति

लेकर आप इसे अपने नजदीकी निर्धारित HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जमा करें।

xix. सफलतापूर्वक भुगतान सुनिश्चित हो जाने के बाद यह व्यवस्था आपके द्वारा भरे गये आवेदन से संबंधित एक प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** जारी करेगी। आपको सलाह दी जाती है कि यह मुद्रित प्राप्ति प्रति **(Acknowledgment Copy)** आप निकाल कर रख लें ताकि भविष्य में यह आपके काम आ सके।

xx. सफलतापूर्वक आवेदन प्रपत्र भरे जाने के पश्चात् आपको आपके निबंधित मोबाइल एवं ई–मेल पर यूजर आई0डी0 और पासवर्ड मिलेगा।

**नोटः–कृपया ध्यान दें: रू0 350/– के आवेदन शुल्क जमा नहीं होने पर आपका आवेदन प्रपत्र अस्वीकृत समझा जायेगा। अतः यह आवश्यक है कि आवेदन शुल्क निश्चित रूप से जमा किया जाय ताकि आपका आवेदन स्वीकृत किया जा सके।**

ग. **जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (District Registration cum Counselling Centre) जिसे संक्षेप में DRCC कहा जाता है, के द्वारा आवेदन भरने की प्रकिया–**

विद्यार्थी जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (DRCC) के माध्यम से Online Facilitation System for Students (OFSS) व्यवस्था के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के विभिन्न चरण निम्नवत हैं :–

अगर विद्यार्थी जिला निबंधन सह परामर्श केन्द्र (DRCC) के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन भरना चाहते हैं तो उन्हें निर्धारित DRCC केंन्द्र पर जाना होगा। आवेदक अथवा DRCC के ऑपरेटर वेबसाइट **(https://ofssbihar.net)** पर जाकर आवश्यकतानुसार फार्म संख्या 7 अथवा फार्म संख्या 8 डाउनलोड करके उसका प्रिंट निकाल सकते हैं। विद्यार्थी ने जिस बोर्ड से दसवीं परीक्षा उतीर्ण की है, उसके अनुसार DRCC के ऑपरेटर से मुद्रित फार्म लेंगे :–

| फार्म संख्या | विवरण |
|---|---|
| **फार्म संख्या 7** | अगर विद्यार्थी ने दसवीं की परीक्षा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से उतीर्ण की है। |
| **फार्म संख्या 8** | अगर विद्यार्थी ने दसवीं या समकक्ष परीक्षा सी०बी०एस०ई०, आई०सी०एस०ई० या किसी अन्य केन्द्र अथवा राज्य के बोर्ड से उतीर्ण की है। |

i. फॉर्म संख्या 7 या फार्म संख्या 8 को ऑफलाईन मोड में भरें।
ii. विद्यार्थी सभी विस्तृत जानकारी फार्म में भरने के बाद फार्म के नीचे हस्ताक्षर करें।
iii. विद्यार्थी सभी जानकारी अंग्रेजी के **CAPITAL** अक्षर में भरें।
iv. फॉर्म भरने के पश्चात विद्यार्थी फॉर्म के अनुलग्नक में शिक्षण संस्थान का विकल्प भरेंगे।
v. फॉर्म पूरी तरह भरने के बाद आवेदक फॉर्म को DRCC के ऑपरेटर को अपने एक रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ देंगे।
vi. DRCC के ऑपरेटर उस फार्म में भरी गयी जानकारी को ऑनलाईन आवेदन फार्म में भर देंगे।
vii. ऑनलाइन आवेदन भरने के बाद DRCC के ऑपरेटर ऑनलाईन आवेदन का **Preview** कम्प्यूटर स्क्रीन पर आवेदक को दिखा देंगे।
viii. विद्यार्थी पूरी जानकारी को भली–भाँति जाँच लेंगे कि सभी जानकारी सही भरी गयी है।
ix. मोबाइल नम्बर दर्ज होने के बाद विद्यार्थी को ई–चालान की एक प्रति मिलेगी।

x. विद्यार्थी अपने पास के HDFC Bank Ltd. एवं Indian Bank के शाखा में जाकर आवेदन शुल्क ई–चालान के माध्यम से जमा करेंगे। बैंक में आवेदन शुल्क जमा करने के 48 घंटे के बाद भुगतान की सूचना OFSS वेबसाईट पर अपडेट हो जायेगी।

xi. भुगतान की सूचना अपडेट होने के बाद विद्यार्थी को **User ID** और **Password** उनके द्वारा निबंधित मोबाइल और ई–मेल पर प्राप्त होगी।

xii. **कृपया ध्यान दें: आवेदन शुल्क रू0 350/– जमा किये बिना आवेदन स्वीकृत नहीं माना जायेगा। यह अनिवार्य है कि आवेदन के साथ आवेदन शुल्क भी जमा किया जाय।**

## 4. Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) के तहत नामांकन के लिए चयन सूची किस प्रकार जारी की जायेगी?

ऑनलाईन आवेदन में आवेदक द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) नामांकन सूची जारी करेगा।

### 4.1 चयन की प्रक्रिया क्या होगी?

आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन देने के बाद Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) सॉफ्टवेयर सभी आवेदनों को प्रक्रिया में लाकर चयन सूची को अंतिम रूप देगा। यह चयन सूची सभी इन्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों के लिए आवेदक के मेरिट एवं उनके द्वारा चयनित विकल्प के प्राथमिकता के आधार पर होगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची प्रकाशित की जायेगी। वेबसाइट पर चयन सूची उपलब्ध रहेगी और साथ ही साथ आवेदक को उनके चुने जाने से सम्बन्धित पत्र (Intimation Letter) उपलब्ध रहेगा। मोबाइल पर जब आवेदक को अपने नामांकन के लिये चुने जाने से सम्बन्धित सूचना मिल जाय तो वेबसाइट पर जाकर वह अपने चुने जाने से सम्बंधित पत्र को डाउनलोड कर उसका प्रिंट ले सकते हैं और सम्बंन्धित शिक्षण संस्थानों में अपना नामांकन करवा सकता हैं। मान लिया जाय कि आवेदक ने 11 संस्थानों में नामांकन के लिए विकल्प दिया है और आवेदक के द्वारा दिये गये विकल्पों के आधार पर उसे चुन लिया जाता है तो उसके द्वारा दिये गये निचले विकल्प में उसका नामांकन नहीं हो सकता है। उदाहरण स्वरूप अगर आवेदक ने 11 विकल्प दिये हैं और प्रथम चयन सूची में उसे तीसरी प्राथमिकता के संस्थान में नामांकन के लिए चुना गया है तो वह चौथी से लेकर 11वीं प्राथमिकता वाले विकल्प में नामांकन नहीं ले सकता हैं।

### 4.2 नामांकन के लिए चुने जाने पर आवेदक को सूचना देने की प्रक्रिया–

आवेदक अगर चाहे तो किसी संस्थान में अपने नामांकन के लिए चुने जाने से संबंधित पत्र (Intimation Letter) को Online Facilitaiton System for Students (OFSS ) के वेबसाइट **https://ofssbihar.net** से डाउनलोड कर सकता है।

नामांकन के विभिन्न चरणों में चुने गये आवेदक को उनके चुने जाने से संबंधित सूचना विभिन्न माध्यमों से दी जायेगी। ये माध्यम निम्नलिखित हैं :

1. SMS
2. E-mail
3. वेबसाइट **https://ofssbihar.net**
4. उस संस्थान का सूचना पट्ट जिस संस्थान में नामांकन के लिए आवेदक को चुना गया है।

**डाक के द्वारा कोई भी सूचना नहीं दी जायेगी।**

**आवेदक को सलाह दी जाती है की नियमित रूप से अद्यतन सूचना के लिए वे वेबसाइट https://ofssbihar.net को देखते रहें।**

## 5. चयन सूची में नाम आने के बाद आवेदक अपना नामांकन कैसे करायें ?

अगर आवेदक का नाम उसके द्वारा दिये गये प्राथमिकता वाले संस्थान में नामांकन के लिये चयन सूची में आ जाता है तो वह सम्बन्धित संस्थान में नामांकन ले सकता है। सम्बन्धित संस्थान में नामांकन के लिये उसे निम्न बातों का ध्यान रखना है :

a. आवेदक को सूचना पत्र (Intimation Letter) में उल्लेख किये गये निर्धारित तिथि और समय पर जाकर सम्बन्धित संस्थान में नामांकन कराना होगा।
b. आवेदक को सम्बन्धित संस्थान में जाँच के लिये मूल अभिलेखों को ले जाना होगा। उन्हें निर्धारित नामांकन शुल्क जमा करना होगा। यह शुल्क नगद या बैंक ड्राफ्ट के रूप में हो सकता है, जो संस्थान के काउंटर पर जमा किये जा सकते हैं।
c. आवेदक को नामांकन के समय पासपोर्ट साईज के रंगीन फोटो एवं अन्य प्रमाण पत्र जमा करने होंगे।
d. आवेदक को सलाह दी जाती है कि वे नामांकन के सम्बन्ध में संस्थान से भी जानकारी प्राप्त करें।
e. अगर आवेदक उच्च प्राथमिकता वाले संस्थान में नामांकन कराने का इच्छुक है तो वे द्वितीय एवं तृतीय चयन सूची के जारी होने का इंतजार कर सकते हैं, परन्तु उन्हें उस संस्थान में नामांकन लेना ही होगा जिस संस्थान में नामांकन के लिए उनको चुना गया है।

5.1 **नामांकन के लिए जाँच सूची–**

- ❖ मूल प्रमाण पत्र
- ❖ नामांकन शुल्क
- ❖ पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो

**निम्नलिखित मूल अभिलेख संस्थान द्वारा आवेदक को नहीं लौटाया जायेगा–**

- उस विद्यालय का परित्याग प्रमाण पत्र जहाँ से उसने दसवीं परीक्षा उतीर्ण की है।
- उस संस्थान का चरित्र प्रमाण पत्र जहाँ से उसने दसवीं परीक्षा उतीर्ण की है।
- माइग्रेशन प्रमाण पत्र (अगर कोई है) जहाँ से उसने दसवीं परीक्षा उतीर्ण की है।

**नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद आवेदक को संस्थान द्वारा निम्नलिखित मूल दस्तावेज वापस किये जाने हैं –**

- 10वीं बोर्ड परीक्षा का अंक पत्र और उसी परीक्षा का उतीर्णता प्रमाण पत्र।
- 10वीं बोर्ड परीक्षा का मूल प्रमाण पत्र।
- आरक्षण से संबंधित प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।

उपर्युक्त अभिलेख के अलावा हो सकता है कि सम्बन्धित संस्थान नामांकन के लिए अन्य और अभिलेखों की माँग करें। आवेदकों को सलाह दी जाती है की नामांकन हेतु उपर्युक्त अभिलेखों के अलावा संस्थान द्वारा मांग किये गये अभिलखों की जानकारी के लिये वे संस्थान से सम्पर्क करें।

## 6. उच्च प्राथमिकता वाले संस्थान में नामांकन कैसे करायें ?

**(स्लाइड–अप विकल्प)**

संस्थान में नामांकन के लिये अगर चयन सूची जारी हो जाती है और आवेदक नामांकन के लिये चुन लिया जाता है तो चयनित आवेदक को सम्बन्धित संस्थान में नामांकन कराना होगा। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि नामांकन की तिथि और अन्य औपचारिकताओं के लिए उन्हें सम्बन्धित संस्थान से सम्पर्क करना चाहिये और नामांकन की प्रक्रिया से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर लेना चाहिये। अगर चयनित आवेदक नामांकन नहीं लेते हैं तो वर्तमान सत्र में उनका नाम OFSS System से हटा दिया जायेगा और वर्तमान सत्र में आगे जो मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी उसमें भी उनका नाम नहीं रहेगा।


अतः चयनित आवेदक के लिये आवश्यक है कि जिस संस्थान में नामांकन के लिये उनका नाम आ चुका है, तो वे उस संस्थान में नामांकन अवश्य करा लें। ऐसा होने पर द्वितीय एवं तृतीय मेरिट लिस्ट जारी होने पर वे उस संस्थान में भी नामांकन ले सकेंगे जिसके लिये उन्होंने नामांकन हेतु उच्च प्राथमिकता दी है। अगर कोई आवेदक निचली प्राथमिकता वाले विकल्प के लिये चुना जाता है तो उसे उस संस्थान में नामांकन अवश्य करा लेना चाहिये, ताकि उसके मामले को चयन प्रक्रिया के दौरान स्लाइड–अप का उपयोग किया जा सके और उस पर विचार किया जा सके। अगर ऐसे आवेदक निचले विकल्प वाले संस्थानमें चुने जाने पर नामांकन नहीं लेते हैं तो स्लाइड–अप के जरिये उनके मामले पर विचार नहीं किया जायेगा।

